Title: Need to expedite construction of railway over-bridge at Rangpur road railway gate in Kota city of Rajasthan.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित कोटा नगर के व्यस्ततम क्षेत्र में रंगपुर रोड रेल्वे फाटक पर, वर्ा 1997 में रेल्वे ओवर ब्रिज स्वीकृत हुआ था, जिसमें 44 स्पानों का तीन प्रमुख वाला ओवर ब्रिज बनाया जाना है। इसमें 30 स्पान राज्य सरकार और 4 बड़े व तीन छोटे स्पान रेल्वे द्वारा बनाये जाने हैं। इस पुल की अनुमानित लागत लगभग 17 करोड़ 20 लाख 50 हजार रूपये आंकी गयी थी, जिसमें से रेल्वे को 6 करोड़ 8 लाखा एवं राज्य सरकार को 11 करोड़ 14 लाख् 50 हजार रूपये व्यय करने हैं। मार्च 1999 से कार्य प्रारंभ हो गया था तथा इसके जून 2001 तक पूरा हो जाने का निश्च्य हुआ था।

राज्य सरकार 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर चुकी है। 10 करोड़ 10 लाख रूपये से ज्यादा खर्च हो चुके हैं। 38 स्पानों पर कार्य पूरा कर लिया गया है। शो कार्य सिर्फ रेल्वे का कार्य पूर्ण होने की प्रतीक्षा में है।

मैंने उपरोक्त संदर्भ में लोक सभा में प्रश्न लगाया था। अतारांकित प्रश्न सं0 3688 किया, जिसके उत्तर में मुझे रेल राज्य मंत्री ने आश्वस्त किया था कि राज्य सरकार द्वारा निर्माण कार्य के साथ साथ रेल्वे द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूरा करने के हर संभ्व प्रयास किए जायेंगे।

उपरोक्त कार्य में रेल्वे का कार्य पूरा नहीं होने से व्यस्ततम नगरीय क्षेत्र में आवागमन की भारी परेशानी हो रही है, बजट में भी इस हेतु मामूली राशि दी गयी है। सदन के माध्यम से अनुरोध है कि रेल्वे से उपरोक्त कार्य यथाशीघ्र करवाया जाये ताकि जन समस्या का निदान हो सके।